**श्री दीपांकर मुखर्जी :** पैसा तो बहुत है प्रोविडेंट फंड में, ग्रेच्युटी में उपलब्ध कीजिए। 1800 करोड़ रुपया है ...(**व्यवधान**)...

**श्री बालासाहेब विखे पाटील:** यह बिल्कुल सही है कि बैंकों में पैसा जमा है और इसीलिए हमने नेशनल हाईवे डेवलेपमेंट प्रोग्राम्स, रूरल रोड्स पावर प्रोजेक्ट्स, प्रोडिक्टिव रेलवे प्रोजेक्ट्स और एसकेलेटिड लास्ट मंथ कम्पीटीशन प्रोजेक्ट्स बनाए हैं। प्रोजेक्ट्स में जहां-जहां पैसे की कमी है उसे पूर्ण करने का भारत सरकार ने वायदा किया है और 9000 करोड़ रुपये से ज्यादा बजट की धनराशि उपलब्ध कराई है। किसी प्रोजेक्ट के विकास के लिए, इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए नाबार्ड पैसा दे रहा है और पैसे में भी कोई कमी नहीं हो रही है। हम भी यही चाहते हैं कि इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत हो क्योंकि इसके कारण जी.डी.पी. ग्रोथ बढ़ सकती है और यह मैं पूर्ण विश्वास के साथ दावा कर सकता हूं क्योंकि तीन महीने के अंदर जो रिजल्ट आया है उसमें जी.डी.पी. ग्रोथ बढ़ रही है। सीमेंट है, स्टील है। दो, तीन साल पहले अकाल रहा लेकिन अभी इस साल जो काफी बारिश हुई उसके कारण धान की उपज बढ़ने वाली है और आज पचास हजार करोड़ से ज्यादा धान का गोदाम भरा हुआ है। मैं यह कहना चाहूंगा कि आज जो स्थिति स्लो डाउन लग रही है उसमें अगले तीन-चार महीने में उत्पादन बढ़ने की संभावना है। हमारा जी.डी.पी. रेट भी बढ़ेगा इसके लिए हम भी चिंतित हैं। लेकिन यह पेनेकी तैयार करने कि जरूरत नहीं है कि इसके कारण सारा हिन्दुस्तान डूब रहा है और सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। यह सही नहीं है। सरकार समय-समय पर ध्यान दे रही है और जो कदम उठाना जरूरी है वह उठा रही है।

**Release of exploratory location in Contai by ONGC**

*22. SHRI DIPANKAR MUKHERJEE:
SHRIMATI CHANDRA KALA PANDEY:

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether the proposal for release of exploratory location in Contai block was considered by ONGC in REXB meeting on 29th August, 2000;

(b) whether the proposal was purported to release one B category and one A category locations with target depth of 3800 m/trap;

(c) whether as a follow up action 2D seismic data of Contai area was reprocessed;

(d) if so, whether there is any time schedule for taking a decision on release of location; and

(e) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI RAM NAIK): (a) to (e) A Statement is laid on the Table of the House.

**Statement**

(a) to (e) A proposal for one 'B' category and one 'A' category exploratory drilling location of 3800 metre depth each, in the Contai area was put up in the exploration meeting of the Central Regional Business Centre (CRBC) of Oil and Natural Gas Corporation Limited (ONGC) in August, 2000. The exploration meeting recommended additional studies. As a part of the follow up action, special studies of 2D Seismic data of the area are being carried out in the CRBC and based on that, CRBC is expected to submit its report to the Exploration Committee towards the 4th quarter of the present financial year. Release of any exploratory drilling locations will depend on the results of these additional studies.

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Sir, I am fully aware that the hon. Minister is equally concerned, if not more—I think the whole House is concerned—about getting more crude oil because we are importing about 70 per cent of our requirements. Now, this is a question regarding exploratory drilling in Midnapur district of West Bengal, in Contai. A proposal for exploratory drilling was put up in August, 2000. In the answer, it has been said that certain studies are being made. As far as information goes—if I am wrong, the Minister can correct me—out, in this area, 785 GLK of 2-dimensional seismic data of different voltage, was acquired between 1978 and 1999. Then, additionally, two campaigns of surface geometrical prospecting had been carried out during 1996-97 and 1998-99. But the reply says that the exploration meeting has recommended additional studies. Here, it is a question of studies. 'Studies' means, when you go for drilling in an area, first, you have a survey; you collect the data; you process the data; based on that processing, you start exploratory drilling; and then, the commercial production starts. Here, after the collection of data for two years, as per the reply, the follow up action after August, 2000 was that the 2D seismic data of this area would be reprocessed. 'And the reprocessed data would be taken up for review and reinterpretation.' Sir, as a Minister, don't you feel there is something wrong somewhere? For review and reinterpretation of the data available with you, form August, 2000, you have taken 20 months! If it takes 20 months to begin exploratory drilling, don't you feel there is some lack of sense of urgency? Time and again, I have been taking up this issue. And I have been constrained to bring this to your notice, knowing your concern for having more crude oil. This is a challenge. Do you feel that the

geologists in the ONGC should be given such a free hand that 20 months will be taken for reprocessing the data which is already available with them? Would you kindly intervene personally and see that they give a specific time-limit and say that, by this date, the exploratory drilling will begin, or, it will not be done because the data itself does not lead to that. But this reply absolutely looks like a bureaucratic reply—it will be taken up; and that, in the fourth financial year, it will be finshed. Twenty months for reprocessing the data! Don't you feel it is too much of a time? Don't you feel that it is not commensurate with your sense of urgency for exploration?

SHRI RAM NAIK: As the hon. Member has already said—you called it Contai, but the Bengali name is Kathi—around that area, nine seismic surveys have been done. The data which was made available in the August, 2000 meeting needed further review; and the only reason is our intention to ensure that wherever we go for drilling, in this area or anywhere else, we should produce the results. Now, for the information of the House,—it is a sad situation—in the Bengal basin, so far, we have drilled 48 wells—unfortunately, since 1962, none of the wells have yielded any positive results. The amount invested—I am not saying 'spent'—in all these drilling operations is something like Rs. 800 crores. So, I just want to ensure that sufficient data, positive data, is available so that we can go for that; and let me assure the Member that it is my earnest effort because, through that, we reduce our imports. So, from that point of view, with this Rs. 800 crores which have been invested—I am not saying that they have been spent unnecessarily—I want to ensure that something positive comes out, and, for that purpose, the studies are gioing on.

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Sir, I would again appeal to the Minister, and if I am allowed to borrow the word of Mr. Advani, it is a win-win situation. It is win-win situation. If you get a drop of oil there, then it is another feather in your cap. If you don't get any oil also, you close that and say, 'thus far and no further'—that also saves you. The whole manpower and the whole thing can be utilized somewhere else. But this continuous buying of time, this continuous dragging of the case, is not going to help anyone. Sir, my second question pertains to that. Now, forget that the ONGC has to complete. Forgetting what has been done in the Bengal basin, supposing, this year, a new block is offered; probably, you give them, 18 months time—18 months to do the survey and to get the results, and another 12 months for processing. Within three years, the exploratory drilling has to be done, whatever it is; otherwise he has to quit.

Now, in this case the data was collected in 1998-99. So, by the year 2002 it would be four years. Even within four years, if you cannot take a decision whether to start the exploratory drilling or not, then, it will not be in the interest of the ONGC because, in that case, someone else will come and do it. So, would you kindly give us an assurance that, whatever it is, a decision will be taken before March? But as a Minister, I want an assurance from you that you will intervene—एटलीस्ट वन मंथ हमको दे दीजिए and by March, or, February, or, January this year, a decision will be taken whether to have an exploratory drilling there or not—either 'yes' or 'no', तीन महीना आपको देना ही पड़ेगा। यह तो ओएनजीसी वाले हमको पहले ही बता चुके हैं। आपसे जब इंटरवेंशन मांगा है तो आप तीन महीने कम कराइए, बोलिए की जनवरी तक हमको चाहिए।

SHRI RAM NAIK: Sir, I have already replied that the data, which will be made available, will be studied; and certainly, a decision will be taken before the end of March. I would like that study to be completed first. Certainly, I will ensure that it is expedited. And, if it is expedited, I will be too happy. I will try my best to ensure that it is completed before 31st March.

**श्रीमती चन्द्रकला पांडेय:** माननीय सभापति महोदय, अभी हाल ही में पश्चिमी बंगाल में ओ.एन.जी.सी. को एक्सप्लोरेशन के दो नये ब्लाक्स एक ऑन शोर और दूसरा आफ शोर दिया गया है, उसी से संबंधित स्पेसेफिक टाइम शैडयूल का प्रश्न पूछना चाहूंगी। यहां सर्वेक्षण एंव अन्य ड्रिलिंग का काम कब तक पूरा किया जाएगा? एक्सप्लोरेशन ड्रिलिंग कब तक शुरू की जा सकेगी? कंटाई में डिसिज़न लेने के लिए तीन साल लग गये। जैसे कि अभी बताया गया, मैं आपसे टाइम बाऊंड पूछना चाहूंगी कि कब तक यह काम शुरू हो जाएगा?

**श्री राम नाईक:** सभापति महोदय, दो ब्लाक्स ओ.एन.जी.सी. को एन.ई.एल.पी. के तौर पर दिये गये हैं लेकिन इस प्रश्न के साथ इसका सीधा संबंध नहीं है फिर भी यह कमर्शियल कंसीडरेशन पर देने के कारण जितनी जल्दी होगा, प्रारम्भ करेंगे। इसमें एक ब्लाक समुद्र में भी है और समुद्र में विशेष तौर पर बंगाल के उप सागर में हमें किस प्रकार का तेल मिलता है, वह हम देखना चाहते हैं। लेकिन कृष्णा गोदावरी बेसिन में अच्छे प्रकार का आयल और गैस मिलने की सम्भावना बढ़ गई है, बाजू में बंगलादेश में भी गैस है, हम 800 करोड़ रुपया ऐसे खर्च करने वाले नही थे, हम लोग चाहते हैं कि एक जगह पर बंगलादेश में गैस है और कृष्णा गोदावरी बेसिन में गैस है, इसलिए यह एन.ई.एल.पी. के ब्लाक्स हमने दिये हैं। लेकिन मैं यह बताना चाहूंगा कि पिछले सन् 1991 से लेकर के ऑन लैंड हमने 19 ब्लाक्स निकाले, उसमें कभी भी किसी ने आ कर बिड नहीं किया था लेकिन पहली दफा एन.ई.एल.पी. के तहत दिया गया है, आफशोर के 17 बिड्स निकाले गये हैं, यह पहला समय ऐसा हुआ, बिड आई है और हमने ओ.एन.जी.सी. और आई.ओ.सी.एल. दिये हैं। यह काम

जल्दी हो, इस प्रकार की कोशिश हम करते रहेंगे।

**श्रीमती चन्द्रकला पांडेय:** जल्दी , मतलब कब तक?

**श्री राम नाईक:** ऐसा है कि तेल का कूआं, तेल है या नहीं है, उसका अध्ययन करने के लिए कम से कम 18 महीने से 24 महीने लगते हैं। फिर यदि वहां है, ऐसा पता चलता है तो नेक्सट फेज़ जो होती है, ड्रिलिंग की, वह काम करने के लिए आगे के दो साल लगते हैं। एक दफा मिल गया तो फिर कमर्शियली निकालने के लिए और दो साल लगते हैं।

**श्री रामदास अग्रवाल:** सभापति महोदय, राजस्थान में बाड़मेर ऐसा इलाका है **(व्यवधान)** उसमें भी बहुत अच्छी सफलता ओ.एन.जी.सी. को मिली है, अगर मंत्री जी उस पर कुछ कहें तो अच्छा रहेगा।

**श्री राम नाईक:** 6 से 7 साल एक्सप्लोरेशन का काम शुरू होने के बाद लगते हैं। यह काम हम बढ़ाने की कोशिश करते हैं और उसका ही परिणाम है कि एन.ई.एल.पी. के तहत अभी जिसका उल्लेख माननीय सदस्य ने किया कि राजस्थान में नया तेल मिला है, गुजरात में मिला है और के.जी. बेसिन में मिला है ...**(व्यवधान)**... यहां भी हम कोशिश कर रहे हैं और कोशिश करने के बाद ही तेल मिलता है और वह प्रयास जारी रहेगा। सारे हिन्दुस्तान में जहां जहां तेल की सम्भावना है, वहां से हम तेल निकालने की पूरी कोशिश करेंगे ...**(व्यवधान)**...

DR. M.N. DAS: I would like to be enlightened by the hon. Minister whether he is aware of the fact that the Contai block which is in Midnapore district of West Bengal is adjacent to the Bhograi block in Balasore district of Orissa; and, when the first survey for exploring the possibility of availability of oil was conducted, the Bhograi block was also taken up alongwith the Contai block. I would like to know whether the name of Bhograi block of Balasor district is included in your survey list or not.

SHRI RAM NAIK: Sir, we have surveyed the two districts which the hon. Member has mentioned. We have got the data with us. We have drilled four wells in the area in those two ditricts, namely, Burdwan and the other district Midnapore which he has referred to. They come under the Contai region. So, four wells were drilled. But, unfortunately, we were not successful. However, efforts are going on. And, again, re-study of the seismic survey, which is available, is always done. Many a time, it does happen, as it had happened in the case of the KG Basin where, for years, we were not getting anything; but, suddenly, after re-processing the data, we have been successful in the last two years. So, I am hoping that, similarly, we will succeed here; and it will be our effort to ensure that it is processed again and we come to a conclusion by which we can

have more oil and gas from West Bengal also.

**श्री एस. एस. अहलुवालिया:** सभापति महोदय, कच्चे तेल के आयात के लिए काफी विदेशी मुद्रा खर्च होती है और उसके कारण इस विभाग को जागरूक होना चाहिए। कोलकाता के बारे में कहा गया है कि कोलकाता शहर गैस के ऊपर तैर रहा है। इतनी गैस और इतना आयल वहां पर है खास करके बंगाल की खाड़ी में। इसके पहले सारा जोर मुम्बई हाई या सदर्न स्टेट्स की तरफ दिया गया और पूर्व के क्षेत्र पर नहीं। पूर्वोत्तर क्षेत्र में तेल निकाला गया है। पर हमारे ओएनजीसी के तहत जितने तेल के कुएं हैं वहां पर गैस और आयल का रेशियो दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। यह रेशियो अगर ज्यादा बढ़ जाए तो तेल और कुएं बंद करने पड़ते हैं। हम एक ऐसी स्थिति पर पहुंच चुके हैं कि उसमें तेल के कुओं में बहुत ज्यादा गैस और आयल का रेशियो बढ़ गया है। अगर यह बढ़ जाने पर ये बंद होते हैं तो हमारे पास एकदम आयल क्राइसिस पैदा हो सकती है।

तो खास करके पूर्व क्षेत्र में, कोलकाता और बंगाल की खाड़ी में जैसाकि मंत्री महोदय ने कहा कि कोशिश करेंगे पर उसकी प्रायमरी स्टडी है, उसका जो डाटा है वह आपको सैटेलाइट के माध्यम से मिलता है। आपको जो सैटेलाइट के माध्यम से डाटा मिला है उसको एनेलाइज़ करने के लिए, फीजिबिलिटी रिपोर्ट के लिए कि इसमें कितना आयल निकलेगा, कितना एक्स्ट्रेक्ट कर सकेंगे, यह कराने के लिए जो आपकी प्रायमरी रिक्वायरमेंट है क्या वह रिक्वायरमेंट आपने पूर्व क्षेत्र के लिए पूरी की है या नहीं, यह बताने की कृपा करेंगे।

**श्री राम नाईक:** यह बात सही है कि गैस की आवश्यकता सब जगह पर है। मान्यवर सदस्य ने कहा कि कोलकाता गैस पर तैर रहा है। गैस निकलेगी तो बहुत खुशी की बात है। लेकिन इस समय पर मुझे लगता है कि कोलकाता गैस के लिए तरस रहा है। इस गैस के तरसने के कारण हम कोशिश करेंगे कि ज्यादा से ज्यादा निकालें और इसलिए जो भी सर्वे किए हैं उनके आधार पर हमने एनईएलपी के ब्लॉक्स में पश्चिम बंगाल के ब्लॉक्स इन्कलूड किए थे। इसलिए एनईएलपी-2 में एक आन-लैंड और एक आफ-शोर-दो ब्लॉक्स के लिए बिड्स आई हैं। जानकारी के आधार पर ही यह काम शुरू होता है। अब कहां ड्रिल करना है उसका दूसरा अभ्यास का तरीका होता है। उसके आधार पर यह काम शुरू होगा।

**Weak Cooperative Banks**

*23. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Government are aware that the most of the Cooperative Banks are weak;

(b) if so, the details thereof;